पूर्व लोक सभा अध्यक्ष, सरदार हुकम सिंह की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में श्रद्धासुमन अर्पित किए गए

नई दिल्ली; 30 अगस्त, 2023: लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष, सरदार हुकम सिंह की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

संसद सदस्यों; पूर्व सदस्यों; लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह; तथा लोक सभा और राज्य सभा सचिवालयों के अधिकारियों ने सरदार हुकम सिंह को श्रद्धांजलि दी।

सरदार हुकम सिंह एक प्रख्यात सांसद, प्रसिद्ध न्यायविद्, समाज सुधारक और एक सक्षम प्रशासक थे। अप्रैल 1948 में वह संविधान सभा के लिए निर्वाचित हुए। वह अन्तरिम संसद (1950-52) के साथ ही पहली, दूसरी और तीसरी लोक सभा के सदस्य भी रहे। सरदार हुकम सिंह को 20 मार्च 1956 को लोक सभा के उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया था और दूसरी लोक सभा के दौरान उन्हें फिर से उसी पद के लिए चुना गया था। सरदार हुकम सिंह को तीसरी लोक सभा में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया और उन्होंने 17 अप्रैल 1962 से 16 मार्च 1967 तक लोक सभा की अध्यक्षता की। बाद में, वह 1967 से 1972 तक राजस्थान के राज्यपाल रहे।

27 मई 1983 को सरदार हुकम सिंह का निधन हो गया।